डॉ. विनोद कुमार सिंह
कुल सचिव
Dr. Vinod Kumar Singh
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ-226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

संख्या ........../पी0ए0/2021
दिनॉक

# कार्यालय ज्ञाप

आप अवगत ही है कि शासन के निर्देशानुसार टैबलेट/स्मॉर्टफोन वितरण हेतु विश्वविद्यालय तथा सहयुक्त महाविद्यालयों में सत्र–2021–22 मे अध्ययनरत विद्यार्थियों का डेटा वांछित प्रारूप में तैयार किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 12.11.2021 को हुई बैंठक में प्रदत्त निर्देशों के क्रम में निम्नलिखित कार्यवाही तत्काल किया जाना है:–

01. यह योजना शैक्षिक सत्र–2021–22 मे अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों हेतु है।
02. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय एवं उसके सहयुक्त महाविद्यालयों का मास्टर डेटा तैयार किया जाना है जिसमें कालेज कोड, कालेज का नाम, पता, जनपद, पिन कोड, नामित नोडल ऑफिसर का नाम, ई–मेल, मो0न0 तथा व्हाट्सऐप नम्बर दिया जाना है। इस कार्य हेतु अनुरोध है कि अपने कालेज सम्बन्धी नोडल ऑफिसर नामित करते हुए गुगल लिंक **https://forms.gle/SdFprhmdvY9Dja7D7** पर सूचना 13.11.2021 को सायं तक अनिवार्य रूप से अपलोड/पूर्ण करने का कष्ट करें।
03. समस्त विद्यार्थियों का डेटा उ0प्र0 शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये लिंक "**https://bit.ly/StuDataTemplate**" पर उपलब्ध फार्मेट के अनुसार समस्त महाविद्यालय/संस्थाओं द्वारा दिनांक 15.11.2021 तक उपलब्ध कराया जाना है। इसके बारे में पूर्व में भी अनुरोध किया जा चुका है।
04. यह स्पष्ट किया जाता है कि इस योजना हेतु विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार का रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र इत्यादि नही भराया जाना है।
05. महाविद्यालय/संस्थान में उपलब्ध विद्यार्थियों के डेटा के आधार पर विवरण पूर्ण शुद्धता के साथ निर्धारित प्रारूप पर भरा जाना है।
06. **यह स्पष्ट किया जाता है कि जनपद लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई तथा रायबरेली द्वारा वर्ष 2021–22 में मात्र प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों का डेटा लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाना है। इन जनपदों के महाविद्यालय अन्य वर्षो के विद्यार्थियों का डेटा, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**
07. **जनपद लखनऊ के समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा वर्ष 2021–22 में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों का डेटा उपलब्ध कराया जाना है।**

Office : 0522-2740412, Email : registrarlkouniv.ac.in

अतः उपरोक्तानुसार समस्त महाविद्यालय/संस्थाओं के प्राचार्य/प्रबन्धक से अनुरोध है कि कृपया वांछित मास्टर डेटा दिनांक 13.11.2021 तक तथा विद्यार्थियों का डेटा दिनांक 15.11.2021 तक पूर्ण करते हुए उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा समस्त सूचना **e-mail digishaktilu@gmail.com** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : R/1056/21 दिनॉक : 12/11/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. अधिष्ठाता, छात्रकल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
03. अधिष्ठाता/प्रवेश समन्वयक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
04. प्रो0 अनिल मिश्रा, नोडल अधिकारी(टैबलेट/स्मॉटफोन योजना), ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ कि वे इस सूचना को समस्त महाविद्यालयो को उनके लॉगिन पर उपलब्ध कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
05. समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई तथा लखीमपुर खीरी।
06. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
07. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
08. इंचार्ज वेबसाइट, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

कुलसचिव